Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 27 अंक- 246 रायपुर, शनिवार 28 सितम्बर 2024 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

हाईकोर्ट ने व्याख्याता पदोन्नति के नियम को बताया असंवैधानिक

बिलासपुर, 28 सितंबर (हाईवे चैनल)। हाईकोर्ट ने व्याख्याता के पद पर पदोन्नति के लिए राज्य शासन द्वारा बनाए गए नियम को असंवैधानिक घोषित कर दिया है. हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने शिक्षक से व्याख्याता पद पर पदोन्नति के लिए बीएड डिग्रीधारी शिक्षकों को ही पात्र माना है. कोर्ट ने अन्य निम्नतर योग्यता वाले अभ्यथियों को पदोन्नति सूची से अलग करने कहा है. कोर्ट ने कहा है कि शिक्षक की गुणवत्ता कम करना शिक्षा में गिरावट है. मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविन्द्र अग्रवाल की डीबी में हुई।

दरअसल, याचिकाकर्ता श्रवण कुमार प्रधान, संजय कुमार समेत अन्य की नियुक्ति पंचायत में शिक्षाकर्मी के पद पर हुई थी. 2018 में राज्य शासन ने 8 वर्ष की सेवा पूरा करने वालों का संविलियन कर शिक्षा विभाग में शिक्षक एलबी के पद पर पदस्थ किया. राज्य सरकार ने शिक्षक एलबी को व्याख्याता के पद पर पदोन्नति प्रदान करने नियम बनाया. इसमें कहा गया कि व्याख्याता के 50 प्रतिशत पद सीधी भर्ती एवं 50 प्रतिशत पद अनुभव के आधार पर पदोन्नति से भरा जाएगा. इसके खिलाफ याचिका लगाई गई थी। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता बीएड डिग्रीधारक होने के साथ व्याख्याता के सभी योग्यता को पूरा करते हैं. मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि शिक्षक पद पर भर्ती होने वाले उम्मीदवारों की न्यूनतम योग्यता राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (बीएड) एनसीटीई द्वारा तय की गई है. राज्य सरकार उक्त आवश्यकता को कम नहीं कर सकती. हाई या हायर सेकेंडरी स्कूलों के लिए आवश्यक योग्यता बीएड डिग्री और प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक के लिए डीएड, डीएलएड आवश्यक योग्यता है. व्याख्याता पद के लिए आवश्यक योग्यता बीएड है।

मुख्यमंत्री से केंद्रीय जलशक्ति मंत्री ने की मुलाकात

रायपुर, 28 सितंबर (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज यहां मुख्यमंत्री निवास रायपुर में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ आगमन पर उनका स्वागत और अभिवादन किया। इस दौरान पेयजल, स्वच्छता और इससे जुड़ी केंद्र प्रवर्तित योजनाओं पर चर्चा हुई । इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और उपमुख्यमंत्री अरूण साव भी मौजूद रहे।

ब्रेकिंग न्यूज

पत्रकार के घर एनआईए का छापा

कांकेर, 28 सितंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक बार फिर छापेमार कार्रवाई की है। टीम ने इस बार कोई नेता या अफसर नहीं, बल्कि एक पत्रकार के घर दबिश दी है। बड़ी संख्या में अधिकारी मौके पर पूछताछ कर रहे हैं और जानकारी ले रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने नक्सल प्रभावित आमाबेड़ा इलाके में स्थित एक पत्रकार के घर छापेमार कार्रवाई की है। इसके साथ ही एक अन्य व्यक्ति के घर भी दबिश दी है। छापा मारने के लिए स्थानीय पुलिस का भी सहयोग लिया गया है। जिले के एसपी आई के एलिसेला ने इसकी जानकारी दी है। बता दें कि इसी महीने में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने नारायणपुर में भी छापेमार कार्रवाई की थी। 2023 में हुई एक नक्सली घटना की की गई इस कार्रवाई में एनआईए ने चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया था। वहीं छापेमारी के दौरान 35 नक्सलियों के नाम भी सामने आए थे।

केजरीवाल छोड़ेंगे सीएम आवास

नई दिल्ली, 28 सितम्बर (न्यूज चैनल)। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस्तीफे के बाद अब जल्द सीएम आवास खाली कर देंगे। अरविंद केजरीवाल ने नए घर की तलाश तेज कर दी है। उनके लिए राजधानी दिल्ली में नया घर खोजा जा रहा है। कई विधायक, पार्षद, पार्टी कार्यकर्ता और आम नागरिक अपनी सामाजिक-आर्थिक या राजनीतिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना उन्हें घर की पेशकश कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल अपने निर्वाचन क्षेत्र नई दिल्ली के आसपास ही रहने को प्राथमिकता देना चाह रहे हैं, ताकि निर्वाचन क्षेत्र के लोगों से नजदीकी जुड़ाव बना रहे। अरविंद केजरीवाल ऐसे घर की तलाश में हैं, जो विवाद मुक्त हो और वहां रहने में किसी प्रकार की समस्या न हो। अभी इस बात के बारे में जानकारी सामने नहीं आई है कि अरविंद केजरीवाल कहां रहेंगे।

जीएसटी के दायरे में आएंगे पेट्रोल-डीजल, 20 रुपए घटेंगे दाम : पुरी

नई दिल्ली, 28 सितम्बर (न्यूज चैनल)। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण बयान दिया है, जिसमें उन्होंने पेट्रोल और डीजल को वस्तु और सेवा कर (जस्ख़) के दायरे में लाने की संभावना पर चर्चा की। पुरी ने कहा कि यह कदम देश की ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाने के लिए जरूरी है और इसके लिए आम सहमति बनानी होगी। अगर ऐसा होता है तो पेट्रोल और डीजल की कीमत में 20 रुपए लीटर तक की कमी देखने को मिल सकती है।

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, अरविन्द केजरीवाल कह रहे हैं नवरात्रि में सीएम आवास छोड़ दूंगा।

चुहिया- हां जी, लेकिन अब 43 करोड़ का बंगला तो उन्हें मिलेगा नहीं...!

तीन दिन बाद भी टापू में फंसे लोगों को नहीं निकाल पाया प्रशासन

जशपुर, 28 सितंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में इब नदी का जलस्तर बढ़ने से तीन दिनों से ग्रामीण टापू में फंसे हुए हैं. प्रशासन अब तक इन ग्रामीणों का रेस्क्यू नहीं कर पाया है. ग्रामीणों की रेस्क्यू करने पहुंची एसडीआरएफ की टीम नदी के तेज बहाव को देखते हुए वापस लौट गई है। बता दें कि गुरुवार को मवेशी चराने एक महिला समेत तीन ग्रामीण इब नदी के पार गए थे. लगातार बारिश और डैम का पानी छोड़े जाने से नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया. इसके चलते तीनों ग्रामीण टापू में फंस गए, जिनकी तीन दिनों बाद भी प्रशासन रेस्क्यू नहीं कर पाया है. यह मामला फरसाबहार क्षेत्र के बाबुसाजबहार गांव का है।

एसडीआरएफ की टीम वापस

बता दें कि पिछले दिनों लगातार हुई बारिश से बगीचा से कलिया की ओर जाने वाली मार्ग पर पुलिया बहने से आवाजाही भी ठप हो गई थी. सीएम के निर्देश पर पुलिया की मरम्मत का काम शुरू हो गया है. वहीं बाबुसाजबहार गांव में इब नदी का जलस्तर बढ़ने से मवेशी चराने गए तीन लोग टापू में फंसे हुए हैं, जिसकी रेस्क्यू तीन दिनों बाद भी नहीं हो पाया है। रेस्क्यू करने पहुंची एसडीआरएफ की टीम भी नदी के तेज बहाव को देखते हुए वापस लौट गई. तीनों ग्रामीण खुले आसमान में टापू पर रात बिताने मजबूर हैं. ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द ग्रामीणों की रेस्क्यू करने की मांग की है।

निर्मला सीतारमण के खिलाफ बेंगलुरु कोर्ट का बड़ा फैसला

जबरन वसूली के आरोप में विशेष अदालत ने दिए एफआईआर दर्ज करने का आदेश

नई दिल्ली, 28 सितम्बर (न्यूज चैनल)। बेंगलुरु की एक विशेष अदालत ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ जबरन वसूली के आरोप में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। यह मामला चुनावी बॉंड से संबंधित है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि राजनीतिक फंडिंग के नाम पर अवैध वसूली की गई। इस निर्णय ने न केवल राजनीतिक गलियारों में हलचल मचाई है, बल्कि यह भारतीय राजनीति में फंडिंग पारदर्शिता के मुद्दे को भी उजागर करता है।

इस मामले की शुरुआत तब हुई जब आदर्श अय्यर, जो जनाधिकार संघर्ष संगठन के सदस्य हैं, ने निर्मला सीतारमण और कुछ अन्य व्यक्तियों के खिलाफ एक निजी शिकायत (पीसीआर) दर्ज की। शिकायत में आरोप लगाया गया कि चुनावी बॉंड के माध्यम से राजनीतिक दलों को दिए गए दान के नाम पर जबरन वसूली की गई थी। अय्यर का कहना है कि यह वसूली न केवल अनैतिक है, बल्कि यह लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को भी कमजोर कर रही है। चुनावी बॉंड योजना को 2018 में भारत सरकार द्वारा लागू किया गया था। इसका उद्देश्य राजनीतिक दलों को नकद दान की जगह एक अधिक पारदर्शी और वैध तरीके से फंडिंग प्रदान करना था। हालांकि, इस योजना की एक बड़ी समस्या यह थी कि इसके तहत किए गए दान का खुलासा नहीं किया जाता था। इसने आलोचकों को यह सवाल उठाने का मौका दिया कि क्या वास्तव में राजनीतिक दलों को इस फंडिंग के लिए जवाबदेह ठहराया जा सकता है। विपक्षी दलों ने इसे सरकार के भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला कदम बताया और इसके खिलाफ कई बार आवाज उठाई।

कांग्रेस का घोषणा पत्र हाथ से बदलेगा हालात

नई दिल्ली, 28 सितम्बर (न्यूज चैनल)। कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र %हाथ बदलेगा हालात% के नाम से जारी कर दिया है। चंडीगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा, पार्टी के प्रदेश प्रधान उदयभान और राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत उपस्थित रहे।

हरियाणा में विदेशी रोजगार बोर्ड बनाने का वादा

कांग्रेस ने विदेशों में नौकरियों के लिए युवाओं की राह आसान बनाने के लिए हरियाणा विदेशी रोजगार बोर्ड बनाने का वादा किया है। घोषणा पत्र में हिमाचल सरकार की तर्ज पर 18 से 60 साल तक महिलाओं को हर महीने 2 हजार रुपये, किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी व फसल खराब पर तुरंत मुआवजा देने का वादा किया गया है। कांग्रेस ने ओबीसी की क्रीमीलेयर की सीमा 10 लाख तक करने और 25 लाख तक मुफ्त इलाज देने का वादा किया है। घोषणा पत्र में कांग्रेस ने सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत बुजुर्गों, विकलांगों और विधवाओं को 6 हजार रुपये की मासिक पेंशन, कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) देने का वादा किया है।

कांग्रेस का घोषणापत्र

- राजस्थान सरकार की तर्ज पर 25 लाख तक का इलाज नि:शुल्क
- सस्ती शिक्षा
- महिलाओं की समस्याओं के लिए सिंगल विंडो सिस्टम
- छात्राओं के लिए मुफ्त पिंक मिनी बस और पिंक ई रिक्शा की सुविधा
- किसानों के लिए किसान आयोग का गठन
- एमएसपी की कानूनी गारंटी
- किसान आंदोलन में जान गंवाने वाले किसानों को मिलेगा शहीद का दर्जा,
- सिंघु बॉर्डर पर बनेगा स्मारक
- एसवाईएल पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को लागू करेंगे
- दो लाख सरकारी नौकरियां
- हरियाणा कौशल रोजगार निगम करेंगे बंद
- पेपर लीक मामलों के लिए बनेगा फास्ट ट्रैक कोर्ट
- पूरे वर्ष का भर्ती कैलेंडर किया जाएगा जारी
- हरियाणा विदेशी रोजगार बोर्ड का गठन
- ओबीसी के लिए क्रीमी लेयर 10 लाख करेंगे

पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के छोटे भाई ने ट्रेन के सामने आकर की खुदकुशी

जांजगीर, 28 सितंबर (हाईवे चैनल)। जांजगीर जिला से बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां पूर्व नेता प्रतिपक्ष और बीजेपी के सीनियर लीडर नारायण चंदेल के छोटे भाई की लाश रेलवे ट्रैक पर मिलने से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि बीजेपी नेता शेखर चंदेल ने शुक्रवार की रात नैला स्टेशन के पास ट्रेन के सामने आकर की खुदकुशी कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी। वहीं इस घटना की जानकारी के बाद बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गयी।

जानकारी के मुताबिक पूरा घटनाक्रम नैला रेलवे स्टेशन के पास का बताया जा रहा है। भाजपा नेता शेखर चंदेल पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के छोटे भाई थे। शेखर चंदेल बीजेपी में सक्रिय राजनीति के साथ ही स्काउट गाईड के जिला आयुक्त थे। बताया जा रहा है कि आज रात वह नैला रेलवे स्टेशन के पास पहुंचे। लोग कुछ समझ पाते इसी बीच उन्होने ट्रेन के सामने आकर की खुदकुशी कर ली। इस घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। शेखर चंदेल की मौत की खबर मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी देर रात ही घटनास्थल पर पहुंचे। उधर इस घटना की जानकारी के बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गये।

बिस्तर पर पड़ी 4 लड़कियों की लाशें सल्फास की गोलियां कमरे में बिखरी

नई दिल्ली, 28 सितम्बर (न्यूज चैनल)। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के वसंत कुंज के रंगपुरी पहाड़ी में एक व्यक्ति ने अपनी चार बेटियों की हत्या कर दी और फिर खुदकुशी कर ली। पुलिस को शुक्रवार सुबह 10.18 बजे घटना के बारे में पीसीआर कॉल मिली। कॉल करने वाले ने हमें बताया कि उसका किराएदार कमरा नहीं खोल रहा है। एक टीम मौके पर गई।

■ वसंत कुंज के फ्लैट के अंदर खौफनाक मंजर, 5 लोगों की एक साथ मौत

बिल्डिंग के मालिक नितिन चौहान ने पुलिस को बताया कि उनके केयरटेकर मोहन सिंह ने उन्हें बताया कि तीसरी मंजिल की सफाई के दौरान फ्लैट नंबर सी-4 से दुर्गंध आ रही थी। 27 सितंबर को सुबह 10.18 बजे पुलिस को घर से दुर्गंध आने की सूचना मिली। जब वे पहुंचे तो उन्होंने फ्लैट का ताला तोड़ा और शवों को बरामद किया। सूत्रों ने बताया कि मृतक हीरा लाल (50) अपनी बेटियों नीतू, निशी, नीरू और निधि के साथ रहता था, जो अपनी दिव्यांगता के कारण चलने में असमर्थ थीं। उनकी पत्नी की एक साल पहले कैंसर से मौत हो गई थी। दिल्ली पुलिस के अनुसार, हीरा लाल 1996 से वसंत कुंज स्थित स्पाइनल इंजरी अस्पताल में बढ़ई का काम कर रहा था। सीसीटीवी फुटेज से पता चलता है कि वह 24 सितंबर को घर में दाखिल हुआ था और तब से दरवाजा अंदर से बंद है। एक अधिकारी ने बताया कि बेटियों में से एक अंधी थी और दूसरी को चलने में दिक्कत होती थी, जबकि अन्य की जानकारी अभी भी जांची जा रही है। मृतक परिवार के पड़ोसियों में से एक रतन ने दुर्गंध आने पर पुलिस को सूचना दी।

मारा गया हिजबुल्ला का प्रमुख हसन नसरल्ला, इजराइली सेना ने कहा- अब कभी दुनिया को डरा नहीं पाएगा

नई दिल्ली, 28 सितम्बर (न्यूज चैनल)। इस्राइल और हिजबुल्ला के संघर्ष के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल हिजबुल्ला का प्रमुख हसन नसरल्ला मारा गया है। इस्राइली सेना ने इसकी पुष्टि कर दी है। इस्राइल की सेना आईडीएफ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा है कि %हसन नसरल्ला अब कभी दुनिया को आतंकित नहीं कर पाएगा।

जमीन के भीतर मौजूद हिजबुल्ला के ठिकाने को किया तबाह

इस्राइली सेना ने शुक्रवार को लेबनान की राजधानी बेरूत में कई ठिकानों पर हवाई हमले किए थे। इन हमलों में हिजबुल्ला के ठिकानों को निशाना बनाया गया था। अब इस्राइली सेना ने बयान जारी कर कहा है कि उनके हमले में हिजबुल्ला प्रमुख हसन नसरल्ला और हिजबुल्ला के दक्षिणी मोर्चे का प्रमुख अली काराकी कई अन्य कमांडर्स के साथ मारा गया है। इस्राइली सेना ने बताया कि बेरूत के दक्षिणी उपनगर में हिजबुल्ला के मुख्यालय को निशाना बनाया गया था, जो रिहायशी इमारतों के नीचे जमीन के भीतर मौजूद था।

हिजबल्ला के कई शीर्ष कमांडर और हसन नसरल्ला की बेटी जैनब की भी मौत

आईडीएफ ने कहा कि हिजबुल्ला का शीर्ष कमांडर अपने अन्य सहयोगियों के साथ इस्राइल पर हमले की योजना बना रहा था, उसी दौरान हुए हमले में नसरल्ला और हिजबुल्ला के कई अन्य शीर्ष कमांडर्स की मौत हो गई। इससे पहले इस्राइली हमले में हिजबुल्ला की मिसाइल यूनिट के प्रमुख मोहम्मद अली इस्माइल और उसके डिप्टी हुसैन अहमद इस्माइल के मारे जाने की खबर आई थी। साथ ही हसन नसरल्ला की बेटी जैनब नसरल्ला की भी मौत होने का दावा किया गया। बीते दिनों लेबनान में हुए हमलों में हिजबुल्ला की मिसाइल और रॉकेट फोर्स का प्रमुख मोहम्मद कबीसी भी कई अन्य शीर्ष कमांडर्स के साथ मारा गया था।

सीरिया में हमास का शीर्ष कमांडर भी किया ढेर

इस्राइली सेना जहां एक तरफ गाजा में हमास के साथ लड़ाई लड़ रही है, वहीं दूसरी तरफ इस्राइली सेना ने लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ भी मोर्चा खोला हुआ है। जहां एक तरफ हिजबुल्ला के प्रमुख हसन नसरल्ला की मौत की खबर सामने आई है, वहीं इस्राइल ने सीरिया में हमास के एक शीर्ष नेता को भी मार गिराया है। सीरिया में किए गए हवाई हमले में मारे गए हमास के शीर्ष कमांडर की पहचान अहमद मोहम्मद फहद के रूप में हुई है, जो कि इस्राइल के गोलन हाइट्स में हुए रॉकेट हमलों के पीछे था।